
# अभ्यास
# प्रश्न बैंक

## कक्षा -8




### समग्र शिक्षा

**राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश**
**मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग**

# अभ्यास प्रश्न बैंक
# कक्षा-8, विषय-सामाजिक विज्ञान

**निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं, सही विकल्प चुनकर उस पर गोल घेरा (A) बनाइए -**

LO CODE : SS-814

प्र.1 एक पुर्तगाली खोजकर्ता ............................ ने सन् 1498 में भारत के लिये समुद्री मार्ग की खोज की थी।

(A) वास्को डिगामा (B) कैप्टन कुक

(C) क्रिस्टोफर कोलम्बस (D) मैगलन

LO CODE : SS-814

प्र.2 .............................. ने प्लासी की लड़ाई में सिराजुद्दौला के विरूद्ध ईस्ट इण्डिया कम्पनी का नेतृत्व किया।

(A) रॉबर्ट क्लाइव (B) वॉरेन हेस्टिंग्स

(C) लॉर्ड कर्ज़न (D) मीरजाफ़र

LO CODE : SS-821

प्र.3 .............................. शांति निकेतन से संबंधित है।

(A) महात्मा गाँधी (B) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

(C) रवीन्द्र नाथ टैगोर (D) श्री नारायण गुरू

LO CODE : SS-814

प्र.4 मुगल शासकों ने अपना शासन मुख्यत: ............................ से चलाया।

(A) आगरा और कानपुर (B) दिल्ली और मेरठ

(C) पटना और कलकत्ता (D) दिल्ली और आगरा

LO CODE : SS-822

प्र.5 दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए ........................ प्रयोग में <u>नहीं</u> आता था।

(A) प्रांतीय सचिवालय (B) कमिश्नर का कार्यालय

(C) कलेक्टर का कार्यालय (D) सिनेमाघर

LO CODE : SS-818

प्र.6 मंगल पाण्डेय को फाँसी दी गई थी क्योंकि उसने :

(A) वर्दी पहनने से मना किया।

(B) उच्च अधिकारियों को सलामी देने से मना किया।

(C) बैरकपुर में अधिकारियों पर हमला किया।

(D) पादरी पर हमला किया।

LO CODE : SS-823

प्र.7 ब्रिटिश सरकार के तहत लागू 'नमक कानून' का क्या अर्थ था–

(A) केवल सरकार को नमक बनाने और बेचने का एकाधिकार होना।

(B) आम लोगों को भी नमक बनाने का अधिकार होना।

(C) भारतीय उद्योगों को नमक बनाने का अधिकार होना।

(D) अंग्रेजी और भारतीय दुकानों में नमक बेचने का अधिकार ना होना।

L O CODE : SS-833

प्र.8 खाद्य प्रसंस्करण, वनस्पति तेल व चीनी उद्योगों के उदाहरण हैं :

(A) खनिज आधारित उद्योग।
(B) वन आधारित उद्योग।
(C) समुद्र आधारित उद्योग।
(D) कृषि आधारित उद्योग।

L O CODE : SS-819

प्र.9 यूरोप की व्यापारिक कंपनियों को भारत की ओर किसने आकर्षित किया ?

(A) सोना और चांदी
(B) कपास, रेशम और मसाले
(C) वनस्पति और जीव
(D) घोड़े और मवेशी

L O CODE : SS-818

प्र.10 कौन 1857 के विद्रोह का हिस्सा <u>नहीं</u> था ?

(A) नाना साहिब
(B) रानी लक्ष्मीबाई
(C) बेगम हज़रत महल
(D) ग्वालियर का मराठा शासक

L O CODE : SS-825

प्र.11 हमें मानव संसाधन को शिक्षा और तकनीकी कुशलताएँ देनी चाहिए क्योंकि :

(A) हमारे पास काफी धन है।
(B) वे हमारे देश के विकास में सहायक हो सकते हैं।
(C) पढ़े-लिखे लोग चुस्त-दुरुस्त दिखाई देते हैं।
(D) अन्य राष्ट्रों के लोग भी शिक्षित हैं।

L O CODE : SS-804

प्र.12 वनस्पति जगत, प्राणी जगत और सूक्ष्मजीव सुनिश्चित करते हैं :

(A) मृदा परिच्छेदिका की मोटाई।
(B) मृदा कटाव की दर।
(C) अपक्षय दर।
(D) खाद-मिट्टी निर्माण की दर।

L O CODE : SS-824

प्र.13 भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा किस व्यवस्था को कानूनी शिकायत दूर करवाने के लिए बनवाया गया है?

(A) भूमि विषयक सार्वजनिक सूचना
(B) लोगों को अंतरिम कानून
(C) अवैध भूमियों के बारे में याचिका
(D) जनहित याचिका

L O CODE : SS-824

प्र.14 निम्न में से कौन भारतीय संसद का अंग <u>नहीं</u> है?

(A) राष्ट्रपति
(B) राज्यसभा
(C) सर्वोच्च न्यायालय
(D) लोकसभा

L O CODE : SS-833

प्र.15 नीचे दिए गए चित्र में एक औद्योगिक गतिविधि को दर्शाया गया है :



यह चित्र किस उद्योग से संबंधित है?

(A) चीनी (B) वस्त्र

(C) इस्पात (D) मुद्रण

L O CODE : SS-826

प्र.16 2019 के आम चुनावों में लगभग 1,50,000 पेड़ों को बचाया जा सका। यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि :

(A) मतदान-पत्र को आकार में छोटा बना दिया गया था।

(B) इलेक्ट्रोनिक मतदान मशीन का उपयोग किया गया था।

(C) बहुत कम मतदाता मतदान करने आए थे।

(D) 2019 में चुनावों को स्थगित कर दिया गया था।

L O CODE : SS-827

प्र.17 पिछला लोकसभा चुनाव 2019 में हुआ था। यदि वर्तमान सरकार अपना कार्यकाल पूरा करती है तब आगामी लोकसभा चुनाव कब होगा?

(A) 2024 (B) 2025

(C) 2023 (D) 2021

L O CODE : SS-834

प्र.18 राजू के पास 2 एकड़ कृषि भूमि है। वह अपनी भूमि भास्कर को 3 वर्षो के लिए पट्टे पर देता है। एक वर्ष के बाद भास्कर भूमि मालिक की सहमति के बिना इस भूमि को अपने नाम हस्तांतरित (ट्रांसफर) करवा लेता है। किस कानून के अंतर्गत राजू मुकदमा दर्ज करा सकता है?

(A) दीवानी कानून (B) न्यायिक कानून

(C) संवैधानिक कानून (D) आपराधिक कानून

L O CODE : SS-814

प्र.19 ईस्ट इंडिया कम्पनी का भारत में प्रारंभिक उद्देश्य था–

(A) सत्ता स्थापित करना
(B) अधिक से अधिक मुनाफा कमाना
(C) वैवाहिक संबंध स्थापित करना
(D) कारखाना स्थापित करना

L O CODE : SS-829

प्र.20 जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार भारत में जनसंख्या का औसत घनत्व क्या था?

(A) 324 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
(B) 236 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
(C) 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
(D) 943 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

L O CODE : SS-833

प्र.21 भारत में लौह–इस्पात उद्योग सर्वप्रथम किस राज्य में स्थापित किया गया?

(A) झारखण्ड (B) उड़ीसा
(C) उत्तराखण्ड (D) उत्तर प्रदेश

L O CODE : SS-834

प्र.22 राजस्थान जैसे शुष्क प्रदेशों में सिंचाई की कौन–सी विधि सबसे अधिक उपयुक्त है?

(A) नहर (B) नलकूप
(C) टपकन विधि / बूंद–बूंद विधि (D) जलाशय

L O CODE : SS-811

प्र.23 कौन सी 'दो' गैसें वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में हैं?

(A) इथेन, मिथेन (B) नाइट्रोजन, ऑक्सीजन
(C) कार्बन डाइऑक्साइड, नियोन (D) ऑर्गन, नियोन

L O CODE : SS-806

प्र.24 किसी 'द्वीप' तक पहुँचने के लिए सबसे उपयुक्त परिवहन का साधन कौन–सा है?

(A) जहाज (B) रेलगाड़ी
(C) कार (D) बस

L O CODE : SS-725

प्र.25 निम्नलिखित में से कौन पंचायती राज व्यवस्था से संबंधित है?

(A) सरपंच (B) शिक्षक
(C) किसान (D) अधिवक्ता

L O CODE : SS-806

प्र.26 निम्नलिखित में से कौन एक प्राकृतिक पारितंत्र है?

(A) विद्यालय (B) नदी
(C) अस्पताल (D) एक्वेरियम

L O CODE : SS-828

प्र.27 निम्नलिखित में से किसे 'भारतीय संविधान का जनक' कहा जाता है?

(A) महात्मा गाँधी (B) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (D) पण्डित जवाहर लाल नेहरू

LO CODE : SS-809

प्र.28 भूकंप की तीव्रता को मापने वाले यंत्र को कहते है –

(A) हीदरग्राफ (B) इरगोग्राफ

(C) बैरोग्राफ (D) सीस्मोग्राफ

LO CODE : SS-705

प्र.29 वायुमंडल की कौन–सी परत पृथ्वी की सतह के सबसे पास स्थित है?

(A) बाह्यमंडल (B) मध्यमंडल

(C) तापमंडल (D) क्षोभमंडल

LO CODE : SS-832

प्र.30 अनौपचारिक तौर पर कार्यरत श्रमिकों की कौन–सी एक विशेषता है?

(A) स्थायी नौकरी

(B) नौकरी की सुरक्षा

(C) स्वास्थ्य सुविधा

(D) जब जरूरत होती है, तभी कार्यरत होते है

LO CODE : SS-832

प्र.31 स्थायी बस्ती का अच्छा उदाहरण है –

(A) गाँव (B) तम्बू/टेंट

(C) मेला (D) घूमंतुओं/खानाबदोशों की बस्ती

LO CODE : SS-827

प्र.32 भारतीय राजनीति की प्रकृति है –

(A) लोकतांत्रिक (B) निरंकुश

(C) राजतांत्रिक (D) तानाशाही

LO CODE : SS-804

प्र.33 ठंडी समुद्री धाराओं की उत्पत्ति किसके निकट होती है?

(A) ध्रुवों (B) विषुवत रेखा

(C) कर्क रेखा (D) मकर रेखा

LO CODE : SS-802

प्र.34 किस चट्टान का निर्माण मैग्मा से होता है?

(A) आग्नेय (B) अवसादी

(C) रूपांतरित (D) स्थलमंडल

LO CODE : SS-806

प्र.35 मृदा परिच्छेदिका (रूपरेखा) का कौन–सा भाग उपयोगी होता है?

(A) अपक्षयित चट्टानी पदार्थ

(B) जनक चट्टानें

(C) ह्यूमस और वनस्पति के साथ ऊपरी मृदा

(D) बालू, गाद, चिकनी मिट्टी के साथ उपमृदा

LO CODE : SS-827

प्र.36 इनमें से कौन एक लोकतांत्रिक व्यवस्था का उदाहरण है?

(A) शिक्षक द्वारा कक्षा नायक (मॉनिटर) का मनोनयन।

(B) प्राचार्य द्वारा कक्षा नायक का मनोनयन।

(C) उपप्राचार्य द्वारा कक्षा नायक का मनोनयन।

(D) कक्षा के छात्रों द्वारा कक्षा नायक का मनोनयन।

L O CODE : SS-811

प्र.37 निम्न को सुमेल करके सही उत्तर का चयन कीजिए।

| A | | B | |
|---|---|---|---|
| (i) | थर्मामीटर | (a) | वायुमंडलीय दाब को मापता है। |
| (ii) | बैरोमीटर | (b) | वर्षा की मात्रा को मापता है। |
| (iii) | वर्षामापी यंत्र | (c) | हवा की दिशा को बताता है। |
| (iv) | विंड वेन (दिक् सूचक) | (d) | ताप को मापता है। |

(A) i-a, ii-b, iii-c, iv-d
(B) i-d, ii-a, iii-b, iv-c
(C) i-d, ii-c, iii-b, iv-a
(D) i-c, ii-d, iii-b, iv-a

L O CODE : SS-827

प्र.38 सभी व्यक्ति, चाहे अमीर हो या गरीब, उन्हें उचित दर पर उपयुक्त मात्रा में जल की आवश्यकता होती है। किस मौलिक अधिकार के तहत जल सार्वभौमिक रूप से उपलब्ध कराया जाता है?

(A) समानता का अधिकार (B) शिक्षा एवं संस्कृति का अधिकार
(C) जीवन का अधिकार (D) शोषण के विरूद्ध अधिकार

L O CODE : SS-802

प्र.39 उस आकृति की पहचान करें, जो समुद्री तरंगो से नहीं बनती है :

(A) तटीय मेहराब (B) समुद्री गुफा
(C) समुद्री भृगु (D) रेत का टिब्बा

L O CODE : SS-831

प्र.40 कुछ लोग यह महसूस करते है कि संसद में महिलाओं के लिए आरक्षण होना चाहिए। इस संदर्भ में कानून कौन बना सकता है?

(A) उच्चतम न्यायालय (B) राष्ट्रपति
(C) प्रधानमंत्री (D) संसद

L O CODE : SS-804

प्र.41 'मॉस' और 'लाइकेन' कहाँ पाये जाते हैं?

(A) मरुस्थलीय वनस्पति (B) विषुवतरेखीय सदाबहार वन
(C) टुंड्रा वनस्पति (D) घास भूमि

L O CODE : SS-834

प्र.42 उस क्रिया की पहचान करें जो कृषि से नहीं जुड़ी है :

(A) निराई (B) प्रतिरोपण
(C) बिक्री (D) कटाई

L O CODE : SS-804

प्र.43 खनिज ईंधन जैसे कोयला और पेट्रोल ........................... में पाए जाते है।

(A) आग्नेय शैल (B) अवसादी शैल
(C) कायांतरित शैल (D) संगमरमर

L O CODE : SS-828

प्र.44 भाषा के आधार पर बनने वाला पहला राज्य था –

(A) आंध्रप्रदेश (B) कर्नाटक

(C) मध्य प्रदेश (D) मणिपुर

L O CODE : SS-838

प्र.45 जब कोई व्यक्ति किसी नए देश में प्रवेश करता है तो वह कहलाता है......................।

(A) उत्प्रवासी (B) अप्रवासी

(C) प्रवासी (D) जनसंख्या विस्फोट

L O CODE : SS-833

प्र.46 इनमें से किस कारण से बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भारत में अपने संयंत्र स्थापित कर रही हैं?

(A) सस्ते श्रम के कारण

(B) भारतीयों के कल्याण के लिए

(C) भारत की आधार–भूत संरचना में वृद्धि करने के लिए

(D) भारत की आर्थिक वृद्धि हेतु

L O CODE : SS-818

प्र.47 लखनऊ की किस प्रसिद्ध महिला ने ब्रिटिश शासन के विरूद्ध समर्पण करने से इंकार किया था–

(A) बेगम हजरत महल (B) रानी लक्ष्मी बाई

(C) बेगम जीनत महल (D) रानी चेन्नमा

L O CODE : SS-824

प्र.48 लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव किस प्रकार करती है–

(A) प्रत्यक्ष रूप से (B) अप्रत्यक्ष रूप से

(C) प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से (D) इनमें से कोई नहीं

L O CODE : SS-827

प्र.49 सही जोड़ी बनाए–

(i) मानव अधिकार (a) प्रजातंत्र का चौथा स्तंभ

(ii) मौलिक अधिकार (b) संविधान द्वारा प्राप्त अधिकार

(iii) स्वतंत्र प्रेस (c) 10 दिसंबर

(iv) अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस (d) प्रकृति से प्राप्त अधिकार

(A) i-d, ii-b, iii-a, iv-c

(B) i-d, ii-b, iii-c, iv-a

(C) i-b, ii-d, iii-a, iv-c

(D) i-d, ii-a, iii-b, iv-c

L O CODE : SS-802

प्र.50 धरातल का वह भाग जिसका शीर्ष कम चौड़ा, चोटीनुमा तथा ढाल तीव्र होता है, कौन सी स्थलाकृति है–

(A) पठार (B) मैदान

(C) पर्वत (D) घाटी

L O CODE : SS-814

प्र.51 सिविल सेवा परीक्षा में भाग लेने की न्यूनतम आयु सन् 1876 ई. में की गई –

(A) 21 वर्ष (B) 23 वर्ष

(C) 19 वर्ष (D) 24 वर्ष

L O CODE : SS-815

प्र.52 अंग्रेजो द्वारा लागू की गयी रैयतवाड़ी व्यवस्था किससे सम्बन्धित थी–

(A) सैनिको की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव

(B) धार्मिक एवं सामाजिक प्रथाओं का संरक्षण

(C) भू–राजस्व का निर्धारण

(D) ब्रिटिश ताज को सत्ता का हस्तांतरण

L O CODE : SS-820

प्र.53 भारत में शिक्षा के क्षेत्र में पश्चिमी शिक्षा का समर्थन किसने किया था–

(A) स्वामी दयानंद सरस्वती (B) राजा राममोहन राय

(C) महादेव गोविंद रानाडे (D) स्वामी विवेकानंद

L O CODE : SS-817

प्र.54 .......................... को प्रोत्साहन देने के लिये सन् 1791 में बनारस में हिंदू कॉलेज की स्थापना की गई थी।

(A) प्राचीन संस्कृत ग्रंथों का अध्ययन

(B) ब्रिटिश कानूनों का अध्ययन

(C) पाश्चात्य शिक्षा व्यवस्था का अध्ययन

(D) विज्ञान का अध्ययन

L O CODE : SS-824

प्र.55 किस योजना के तहत विद्यालय के छात्रों को भोजन (अल्पाहार) प्रदान किया जाता है?

(A) समग्र शिक्षा अभियान (B) मध्याह्न भोजन योजना

(C) न्यूनतम समर्थन मूल्य (D) मनरेगा

L O CODE : SS-801

प्र.56 पृथ्वी की सबसे भीतरी परत है ..........................

(A) क्रस्ट (भूपर्पटी) (B) नीफे

(C) सीमा (D) सियाल

L O CODE : SS-803

प्र.57 जब बादल तरल अवस्था में पृथ्वी पर गिरते है, तो क्या कहलाते है?

(A) बर्फ (B) वर्षा

(C) हिम (D) बादल

L O CODE : SS-803

प्र.58 यदि 'मृत्युदर' से 'जन्मदर' अधिक हो तो जनसंख्या....

(A) घटेगी (B) बढ़ेगी

(C) स्थिर रहेगी (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

L O CODE : SS-733

प्र.59 निम्नलिखित में से कौन–सी एक साप्ताहिक बाजार की खास विशेषता है?

(A) यह स्थायी दुकानों से संचालित होती है

(B) यह सप्ताह में एक दिन संचालित होती है

(C) यह सभी दिन एक निर्दिष्ट स्थान पर संचालित होती है

(D) एक ही प्रकार की / का सेवा / सामान उपलब्ध होता है

L O CODE : SS-802


प्र.60 बालू स्तूपों का निर्माण किससे होता है ?

(A) जल (B) हवा

(C) हिमनद (D) समुद्र

L O CODE : SS-607

प्र.61 दिए गए यंत्र को देखें। यह क्या दर्शाता है?




(A) वायुमंडलीय दाब (B) पवन की गति

(C) पवन की दिशा (D) वायुमंडलीय तापमान

L O CODE : SS-835

प्र.62 परमाणु संयत्र से संबंधित राज्यों का कौन–सा विकल्प सही है।

(A) मध्यप्रदेश, तमिलनाडु (B) कर्नाटक, मिजोरम

(C) महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश (D) तमिलनाडु, बिहार

L O CODE : SS-826

प्र.63 संघवाद, संसदीय व्यवस्था, शक्ति का पृथक्करण, मौलिक अधिकार और धर्म–निरपेक्षता, विशेषता है:

(A) भारतीय कानून की (B) भारतीय न्यायपालिका की

(C) भारतीय संविधान की (D) भारतीय संसद की

L O CODE : SS-802

प्र.64 दिए गए चित्र में भू–आकृति की पहचान करें ।



(A) वलित पर्वत

(B) भ्रंशोत्थ पर्वत

(C) पठार

(D) ज्वालामुखी

L O CODE : SS-804


प्र.65 निम्न को सुमेल करके सही उत्तर चुनिए ।

| A | | B | |
|---|---|---|---|
| (i) | कैस्पीयन सागर | (a) | सबसे बड़ी झील |
| (ii) | ज्वारभाटा | (b) | समुद्री जल का क्रमिक उतार–चढ़ाव |
| (iii) | सुनामी | (c) | भूकंपीय तरंगें |
| (iv) | सागरीय धाराएँ | (d) | सागरीय जल सरिता का प्रवाह |

(A) i-a, ii-b, iii-c, iv-d
(B) i-d, ii-c, iii-b, iv-a
(C) i-c, ii-d, iii-a, iv-b
(D) i-d, ii-b, iii-a, iv-c

L O CODE : SS-805

प्र.66 नीचे दिये गये मानचित्र को देखिए–




छायांकित क्षेत्र में कौन–सी फसल बहुतायत में उगाई जाती है?

(A) सोयाबीन (B) गेहूँ
(C) चावल (धान) (D) बाजरा

L O CODE : SS-809

प्र.67 अगर आप अपनी कक्षा में हैं और भूकम्प आता है, तो खुद को बचाने के लिये तत्काल आप क्या करेंगे ?

(A) मदद के लिए पुकारेंगे।
(B) शिक्षक के निर्देश का इंतजार करेंगे।
(C) जहाँ हैं वहीं शान्ति से बैठ जाएँगे।
(D) अपने सिर को ढँक कर उसे बचाएँगे।

L O CODE : SS-819

प्र.68 निम्नलिखित में से उपनिवेशीय शासन के दौरान भारतीय हथकरघा उद्योग के निम्नीकरण के क्या कारण थे?

(A) मशीनों द्वारा निर्मित सस्ती वस्तुओं का ब्रिटेन से आयात।


(B) भारत के द्वारा ब्रिटेन को निर्यातित वस्तुओं पर भारी करों का आरोपण।

(C) भारत से ब्रिटेन को निर्यात किए जाने वाले कच्चे माल की नीतियाँ।

(D) उपरोक्त सभी

L O CODE : SS-803

प्र.69 नीचे दिये गये रेखाचित्र में कौन–सा जलवायु प्रदेश 10°N अक्षांश से 10°S अक्षांश के बीच दर्शाया गया है ?




(A) ध्रुवीय जलवायु प्रदेश

(B) भूमध्यरेखीय जलवायु प्रदेश

(C) शीतोष्ण जलवायु प्रदेश

(D) मानसूनी जलवायु प्रदेश

L O CODE : SS-821

प्र.70 निम्नलिखित विकल्पों में से भारत में उपनिवेशिक शासन के दौरान कौन–सा एक सामाजिक सुधार हुआ ?

(A) मतदान के अधिकार को 21 से 18 वर्ष करना


(B) डाक व्यवस्था की शुरुआत

(C) रेलवे की स्थापना

(D) सती प्रथा का अन्त

L O CODE : SS-802

प्र.71 नीचे दिये गये नदी के चित्र का अवलोकन कीजिए।




(A) एश्चुरी (ज्वारनद मुख) (B) डेल्टा

(C) जलप्रपात (D) नदी विसर्प

L O CODE : SS-818

प्र.72 निम्न में से कौन-सा कारण 1857 के विद्रोह में भारतीय सैनिकों को भड़काने के लिए उत्तरदायी था?

(A) नए कारतूसों में गाय और सूअर की चर्बी होने का संदेह।

(B) ब्रिटिश सहकर्मी एवं उच्च अधिकारियों की तुलना में भारतीय सैनिकों के साथ अनुचित व्यवहार।

(C) ब्रिटिश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा धार्मिक मान्यताओं के नाम पर भारतीय सैनिकों का लगातार अपमान।

(D) भारतीय सैनिकों को ब्रिटिश सैनिकों की तुलना में अपनी संख्यात्मक अधिकता का अहसास होना।

L O CODE : SS-830

प्र.73 लगभग 10 वर्ष का एक बच्चा सड़क के किनारे चाय की दुकान पर काम कर रहा है। इस स्थिति में भारतीय संविधान के कौन-से मौलिक अधिकार का हनन होता है?

(A) समानता का अधिकार (B) शिक्षा का अधिकार

(C) स्वतंत्रता का अधिकार (D) शोषण के विरूद्ध अधिकार

L O CODE : SS-837

प्र.74 इनमें से कौन संयुक्त राष्ट्र से संबंधित नहीं है।

(A) सचिवालय (B) न्यास परिषद

(C) महासभा (D) पंचशील

L O CODE : SS-625

प्र.75 भारत में स्थानीय सरकारों द्वारा स्वच्छता अभियान क्यों चलाए जाते हैं ?

(A) यह भारतीय संविधान के 'जीने के अधिकार' का हिस्सा है।

(B) स्थानीय सरकारों के पास कोई अन्य काम नहीं है।

(C) भारतीय कानून निजी क्षेत्र को यह काम करने की अनुमति नहीं देता है।

(D) लोग यह कार्य / गतिविधि स्वयं नहीं कर सकते।

L O CODE : SS-624

प्र. 76 निम्न में से कौन-सी सार्वजनिक सुविधा केवल सरकार द्वारा दी जाती है

(A) रेलवे (B) शिक्षा

(C) बस सेवा (D) अनाज आपूर्ति

L O CODE : SS-725


प्र.77 मान लीजिए आपके जिले के लोग अपने क्षेत्र में एक नया स्कूल चाहते हैं। कौन-सी संस्था यह अनुमति देने में सक्षम है ?

(A) उच्च न्यायालय (B) केन्द्र सरकार

(C) राज्य सरकार (D) राज्य एवं केन्द्र सरकार दोनों

L O CODE : SS-718

प्र.78 यह मानचित्र उन जगहों की झलक दिखाता है जो अकबर और औरंगजेब के शासनकाल के दौरान मुगल साम्राज्य का हिस्सा थे।




दिए गए वर्तमान भारतीय राज्यों में से चित्तौड़ और आमेर कहाँ स्थित हैं ?

(A) गुजरात (B) मध्य प्रदेश

(C) उत्तर प्रदेश (D) राजस्थान

L O CODE : SS-817

प्र.79 ईस्टइण्डिया कंपनी को नियम पारित करने की आवश्यकता क्यों पड़ी–

(A) भारतीयों को डराने के लिए

(B) अपने कर्मचारियों को नीति–कुशल बनाने के लिए

(C) अधिकारियों का मान बढ़ाने के लिए

(D) शासन को गुमराह करने के लिए

L O CODE : SS-823

प्र.80 'अन्याय पर टिकी व्यवस्था को बदलकर, व्यक्ति के शोषण को समाप्त करना' किस आंदोलन का उद्देश्य था–

(A) चंपारन आंदोलन (B) अहमदाबाद आंदोलन

(C) असहयोग आंदोलन (D) क्रांतिकारी आंदोलन

L O CODE : SS-825

प्र.81 भारत की स्वतंत्रता की कल्पना के साथ सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय ध्वज किसने फहराया–

(A) मेडम भीकाजी कामा (B) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

(C) आनंद चाटलू (D) रमेश चन्द्र दत्त

L O CODE : SS-825

प्र.82 गांधी जी द्वारा 'दाण्डी यात्रा' करने का प्रमुख उद्देश्य था –

(A) नमक कानून भंग करना

(B) नमक कानून का पालन करना

(C) ब्रिटिश नमक कानून का प्रचार करना

(D) जनता को कम नमक उपयोग के लिए प्रेरित करना

L O CODE : SS-823

प्र.83 रौलेट एक्ट' लागू करने का उद्देश्य था।

(A) राष्ट्रीय भावना को मजबूत करना।

(B) लोगों को संगठित करना।

(C) राष्ट्रीय भावना को कमजोर करना।

(D) राष्ट्रीय भावना का विकास करना।

L O CODE : SS-809

प्र.84 अधिकांश विनाशकारी भूकम्पों का मुख्य कारण होता है–

(A) भू–परिभ्रमण (B) भूपर्पटी की परतों का समायोजन

(C) पृथ्वीं की प्लेटों का टकराव (D) ज्वालामुखी उद्गार

L O CODE : SS-704

प्र.85 खुदाई के दौरान चट्टानों में जानवरों, वनस्पतियों तथा सूक्ष्म जीवों के अवशेष प्राप्त होते है इससे किस चट्टान का पता चलता है ।

(A) आग्नेय (B) अवसादी

(C) कायान्तरित (D) अधिवितलीय

L O CODE : SS-806

प्र.86 यदि आपके खेत में पहले की तुलना में कम उत्पादन होने लगे तो आपके खेत में किस चीज की कमी है–

(A) मूल चट्टानी पदार्थ (B) ह्यूमस

(C) जल (D) सूरज की रोशनी

L O CODE : SS-829

प्र.87 जन साक्षरता कार्यक्रम किसके लिए चलाया जा रहा है –

(A) 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चे (B) 15 वर्ष से अधिक आयु के निरक्षर

(C) निरक्षर महिलाओं के लिए (D) निरक्षर वृद्ध जनों के लिए

L O CODE : SS-802

प्र.88 द्वीपीय महाद्वीप है–

(A) अफ्रीका (B) आस्ट्रेलिया

(C) अल्जीरिया (D) यूरोप

L O CODE : SS-837

प्र.89 अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय किसके मध्य हुए विवादों का निर्णय करता है –

(A) गैर सदस्यों के मध्य विवाद (B) विश्व के सभी राष्ट्रों के मध्य विवाद

(C) सदस्य राष्ट्रों के मध्य विवाद (D) किसी देश के दो प्रदेशों के मध्य विवाद

L O CODE : SS-831

प्र.90 निम्न में से कौन सी सामाजिक समस्या नहीं है –

(A) बालश्रम (B) शिक्षा का अभाव

(C) महिला रोजगार (D) नशीले पदार्थों का सेवन

L O CODE : SS-834

प्र.91 सही जोड़ी बनाइए–

| | A | | B |
|---|---|---|---|
| (i) | आत्म निर्वाह कृषि | (a) | कारखाने की इकाई के समान |
| (ii) | स्थानान्तरी कृषि | (b) | खाद्यान्न परिवार के उपभोग में प्रयुक्त |
| (iii) | रोपण कृषि | (c) | एक ही भूमि पर लगातार कृषि कार्य |
| (iv) | गहन कृषि | (d) | वनभूमि में वृक्षों को काटकर व जलाकर भूमि को कृषि योग्य बनाना |

(A) i-c, ii-d, iii-a, iv-b
(B) i-b, ii-a, iii-c, iv-d
(C) i-d, ii-c, iii-a, iv-b
(D) i-b, ii-d, iii-a, iv-c

L O CODE : SS-605

प्र.92 म्यांमार भारत की किस सीमा पर स्थित है –

(A) दक्षिणी सीमा (B) उत्तरी सीमा
(C) पूर्वी सीमा (D) पश्चिमी सीमा

L O CODE : SS-837

प्र.93 यूनीसेफ का कार्य क्षेत्र है –

(A) शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में।
(B) स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में।
(C) सामाजिक न्याय के क्षेत्र में।
(D) शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करना।


L O CODE : SS-603

प्र.94 22 दिसम्बर को सूर्य की सीधी किरणें मकर रेखा पर पड़ती है, इस समय भारत और आस्ट्रेलिया में कौन–कौन सी ऋतुएँ होगी –

(A) दोनों में शीत ऋतु
(B) दोनों में ग्रीष्म ऋतु
(C) भारत में शीत और आस्ट्रेलिया में ग्रीष्म
(D) भारत में ग्रीष्म और आस्ट्रेलिया में शीत

L O CODE : SS-839

प्र.95 चित्र में प्रदर्शित समोच्च रेखाएँ किस धरातलीय आकार को प्रदर्शित करेगी –




(A) पठार (B) शंक्वाकार पहाडी
(C) मैदान (D) घाटी

L O CODE : SS-834

प्र.96 कृषि में निम्नलिखित में से किसका प्रयोग पर्यावरण प्रदूषण के लिए प्रमुख रूप से उत्तरदायी है –

(A) रासायनिक उर्वरकों का

(B) रासायनिक कीट एवं रोग नाशकों का

(C) जैविक कीट एवं रोग नाशकों का

(D) (A) और (B) दोनों सही

L O CODE : SS-833

प्र.97 किसी उद्योग के अवयव होते है।

(A) पूंजी, कच्चा माल, प्राद्योगिकी, श्रम (B) पूंजी, संयोजन, प्रौद्योगिकी, श्रम

(C) पूंजी, कच्चा माल, बाजार, श्रम (D) जल, कच्चा माल, प्रौद्योगिकी, श्रम

L O CODE : SS-814

प्र.98 किस व्यवस्था के चलते किसानों का भूमि पर अधिकार नहीं था?

(A) रैयतवाड़ी (B) महालवाड़ी

(C) भू–स्वामी (D) स्थाई बंदोबस्त

L O CODE : SS-821

प्र.99 इस्लाम का संबंध पैगम्बर मोहम्मद से है, उसी प्रकार ईसाई धर्म का संबंध है–

(A) ईसा मसीह (B) गौतम बुद्ध

(C) जुरास्टर (D) महावीर जैन

L O CODE : SS-803

प्र.100 आपके शहर में लगातार दो वर्षों से बारिश औसत से कम हो रही है, जिसका प्रभाव पानी की उपलब्धता पर हो रहा है। ऐसी स्थिति में आप क्या करेंगे–

(A) अच्छी बारिश हेतु प्रार्थना करेंगे

(B) शांति से प्रतीक्षा करेंगे

(C) शहर के जल स्त्रोतों का गहरीकरण एवं वृक्षारोपण पर बल देंगे

(D) जल की पूर्ति हेतु सामूहिक नलकूप का खनन करेंगे

L O CODE : SS-724

प्र.101 राजू इस वर्ष 18 वर्ष का पूर्ण हो गया है। इस स्थिति में भारतीय संविधान के अंतर्गत उसे कौन–सा अधिकार प्राप्त होगा?

(A) शिक्षा का अधिकार (B) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

(C) वयस्क मताधिकार (D) अभिव्यक्ति का अधिकार

L O CODE : SS-724

प्र.102 मोहन की आयु 15 वर्ष है। वह अपने क्षेत्र के विकास हेतु चुनाव लड़ना चाहता है, किन्तु उसे प्रतीक्षा करनी होगी–

(A) 3 वर्ष (B) 10 वर्ष

(C) 12 वर्ष (D) 8 वर्ष

LO CODE : SS-837

प्र.103 WHO का अर्थ है –

(A) विश्व स्वास्थ्य संगठन (B) अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

(C) खाद्य एवं कृषि संगठन (D) विश्व डाक शक्ति संगठन

LO CODE : SS-823

प्र.104 'करो या मरो' का नारा किस आंदोलन के समय दिया गया?

(A) सविनय अवज्ञा आंदोलन (B) भारत छोड़ो आंदोलन

(C) असहयोग आंदोलन (D) खिलाफत आंदोलन

LO CODE : SS-833

प्र.105 किस आधार पर किसी भी देश को विकासशील या विकसित देश की सूची में रखा जाता है?

(A) जनसंख्या के आधार पर (B) धन के आधार पर

(C) व्यापार एवं उद्योगों के आधार पर (D) प्रति व्यक्ति या राष्ट्रीय आय के आधार पर

LO CODE : SS-823

प्र.106 भारत के एक महान व्यक्ति जो वकील के रूप में दक्षिण अफ्रीका गए। दक्षिण अफ्रीका में अश्वेतों पर होने वाले गोरे शासकों के अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष किया वे थे–

(A) पं. जवाहर लाल नेहरू (B) महात्मा गांधी

(C) लालबहादुर शास्त्री (D) सरदार वल्लभ भाई पटेल

LO CODE : SS-811

प्र.107 क्षमा का घर कारखाने के पास है, जिसमें नियमित धुआँ एवं गैसें निकलती है। अत: क्षमा एवं उसके परिवार को कौन–सी बीमारियाँ होने की संभावना है?

(A) अतिसार, बुखार, पेचिस (B) पीलिया, मलेरिया

(C) अस्थमा, तपेदिक, फेफड़ों का कैंसर (D) कुछ भी नहीं होगा

LO CODE : SS-725

प्र.108 राहुल अपनी कॉलोनी के विकास हेतु कॉलोनी की मासिक बैठक में अपने सुझाव देना चाहता है, किंतु उसे बोलने से रोका गया। इससे उसके किस अधिकार का हनन हुआ?

(A) शिक्षा का अधिकार (B) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार

(C) वयस्क मताधिकार (D) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

LO CODE : SS-725

प्र.109 मान लो आपके पिता ने दो माह पूर्व पीने के पानी का कनेक्शन लेने के लिए आवेदन दिया था, परन्तु अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। निम्न में से कौन–सा अधिकार आपको यह जानने में मदद करेगा कि संबंधित विभाग ने आपके आवेदन पर क्या कदम उठाये हैं?

(A) समानता का अधिकार (B) सूचना का अधिकार

(C) संवैधानिक उपचारों का अधिकार (D) शिक्षा का अधिकार

LO CODE : SS-835

प्र.110 एन.सी.सी. का गठन विद्यालयों में किया जाता है–

(A) विद्यार्थियों में अनुशासन व सैन्य अभिरुचि जागृत करने हेतु

(B) परस्पर सहायता हेतु

(C) स्वच्छता संबंधी जानकारी प्रदान करने हेतु

(D) विद्यार्थियों की शिक्षा हेतु

L O CODE : SS-836

प्र.111 एक देश को अन्य देशों से अपने व्यवहारों को संचालित करने हेतु आवश्कता होती है–

(A) धन की (B) जनसंख्या की

(C) विदेश नीति की (D) इंटरनेट की

L O CODE : SS-804

प्र.112 क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा एवं सबसे छोटा महाद्वीप है–

(A) अफ्रीका, आस्ट्रेलिया (B) एशिया, आस्ट्रेलिया

(C) एशिया, यूरोप (D) आस्ट्रेलिया, यूरोप

L O CODE : SS-803

प्र.113 पृथ्वी का वह भाग जहाँ पर अत्यधिक बर्फ गिरती है। वहाँ लोग इसका उपयोग अपने रहने के लिए करते है, इसे कहते है –



(A) घर (B) झोपड़ी

(C) सराय (D) इग्लू

L O CODE : SS-828

प्र.114 हम सभी चाहते हैं कि हमारे देश में रहने वाले निवासियों के बीच जाति, पंथ, क्षेत्र और भाषा के भेदभाव किए बिना उसमें परस्पर समान अनुभूतियों और सुख–दुख की एकता की भावना हो। इसका संबंध है–

(A) भावात्मक एकीकरण से (B) राष्ट्रीय एकीकरण से

(C) एकता की भावना से (D) विचारों की समानता से

L O CODE : SS-835

प्र.115 आई.एन.एस, हिमगिरि, देवगिरि, हमारी किस सेना के युद्ध पोत है–

(A) भारतीय थल सेना के (B) भारतीय नौ सेना के

(C) भारतीय वायु सेना के (D) तीनों सेनाओं के

L O CODE : SS-811

प्र.116 उस प्रक्रिया को पहचानिए जिसमें देश एक–दूसरे पर परस्पर निर्भर हो जाते हैं और लोगों के बीच दूरियाँ घट जाती हैं। एक देश अपने विकास के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहने लगता है–

(A) वैश्वीकरण (B) व्यापार

(C) सहयोग (D) निजीकरण

L O CODE : SS-827

प्र.117 मध्यप्रदेश के उस क्रांतिकारी का नाम बताइए जिसने काकोरी काण्ड में महत्वपूर्ण भूमिका एवं इलाहाबाद के अलफ्रेड पार्क में पुलिस द्वारा घेरे जाने के कारण अपनी अंतिम गोली से स्वयं शहीद हो गए–

(A) दलपत राव (B) देवनारायण तिवारी

(C) ठाकुर यशवंत सिंह (D) चन्द्रशेखर आजाद

L O CODE : SS-836

प्र.118 ''किसी भी देश की विदेश नीति की आधारशिला उसके राष्ट्रीय हित की सुरक्षा होती है और भारत की विदेश नीति का ध्येय यही है।'' यह कथन किस महापुरूष द्वारा संविधान सभा में कहा गया था?

(A) सरदार वल्लभ भाई पटेल (B) लाल बहादुर शास्त्री

(C) महात्मा गांधी (D) पं. जवाहरलाल नेहरू

L O CODE : SS-837

प्र.119 संयुक्त राष्ट्र का वह प्रमुख अंग जो विश्व संसद की तरह कार्य करता है-

(A) सुरक्षा परिषद (B) न्याय परिषद

(C) महासभा (D) सचिवालय

L O CODE : SS-830

प्र.120 ''प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता के साथ-साथ समान अधिकारों की प्राप्ति हो। समाज के सभी वर्गों को विकास के समान अवसर बिना भेदभाव के उपलब्ध हो।'' यह निम्न से किससे संबंधित है-

(A) सामाजिक समानता से (B) राजनीतिक समानता से

(C) लोकतंत्र से (D) आर्थिक समानता से

L O CODE : SS-836

प्र.121 ''शस्त्र की दौड़ समाप्त कर विश्व शांति स्थापित करना'' का अर्थ है-

(A) उदारीकरण (B) निजीकरण

(C) नि:शस्त्रीकरण (D) शस्त्रीकरण

L O CODE : SS-722

प्र.122 संविधान द्वारा हमें मौलिक अधिकार प्राप्त होते हैं किन्तु संविधान की संरक्षक होती है-

(A) व्यवस्थापिका (B) कार्यपालिका

(C) न्यायपालिका (D) सरकार

L O CODE : SS-826

प्र.123 यदि किसी व्यक्ति के मानव अधिकारों का हनन होता है तो उसे सहायता लेनी चाहिए-

(A) पुलिस की (B) न्यायालय की

(C) मानव अधिकार आयोग की (D) A, B, C तीनों की

L O CODE : SS-826

प्र.124 निम्नलिखित में से कौन प्राथमिक उद्योग नहीं है-

(A) भूमि से खनिज निकालना (B) किसान द्वारा खेती करना

(C) समुद्र आधारित उद्योग (D) वन आधारित उद्योग

L O CODE : SS-833

प्र.125 वे फसलें जो उद्योगों में कच्चे माल के रूप में उपयोग में ली जाती है-

(A) रबी फसलें (B) खरीब फसलें

(C) व्यापारिक फसलें (D) जायद फसलें

L O CODE : SS-802

प्र.126 मेरे दादाजी बताते थे कि ''हमारे गाँव के सामने जो पर्वत है, उसकी ऊँचाई धीरे-धीरे कम होती जा रही है।'' यह कैसा स्थलीय परिवर्तन है:-

(A) आकस्मिक परिवर्तन (B) क्षणिक परिवर्तन

(C) मानवकृत परिवर्तन (D) धीमी गति वाले परिवर्तन

L O CODE : SS-802

प्र.127 नदी अपनी तीसरी अवस्था (वृद्धावस्था) में कौन-सी भू-आकृति बनाती है-

(A) जलप्रपात (B) विसर्प

(C) डेल्टा (D) छाड़न झील

L O CODE : SS-801

प्र.128 हमारे घर में चूल्हे में जो कोयला माँ उपयोग करती है, वह किस प्रकार की शैल है-

(A) कायान्तरित शैल (B) आग्नेय शैल

(C) अवसादी शैल (D) ग्रेनाइट शैल

L O CODE : SS-804

प्र.129 अब्दुल का घर सर्दियों में बर्फ से ढंक जाता है, गर्मी तो उसके घर में लगती ही नहीं, क्योंकि अब्दुल का घर-

(A) ऊँचे पर्वत पर (B) पठार पर

(C) मैदान में (D) A, B, C तीनों सही

L O CODE : SS-802

प्र.130 माँ ने छत पर एक मटके में चट्टानी नमक (खड़ा नमक) रखा था, रात में वर्षा होने से वह पानी में बदल गया। यह परिवर्तन कहलाता है-

(A) अपरदन (B) अपक्षय

(C) अनाच्छादन (D) रासायनिक परिवर्तन

L O CODE : SS-802

प्र.131 माँ देखो न मेरी सफेद शर्ट पर यह जंग का दाग लग गया, यह किस कारण हुआ होगा-

(A) गर्मी की ऋतु के कारण (B) सर्दी की ऋतु के कारण

(C) नमी और वर्षा के कारण (D) ऋतु परिवर्तन के कारण

L O CODE : SS-802

प्र.132 नदी अपनी तली की मुलायम चट्टानों का अपरदन अधिक मात्रा में करती है, तो कौन-सी भू-आकृति बनाती है-

(A) U आकार की घाटी (B) डेल्टा

(C) V आकार की घाटी (D) महाखड्ड (केनियन)

L O CODE : SS-802

प्र.133 उमेश ने देखा जब नदी बहुत ऊँचाई से नीचे गिरती है, तो अपरदन द्वारा नदी कौन-सी भू-आकृति बना रही थी-

(A) गोखुर झील (B) डेल्टा

(C) जलोढ़ पंख (D) जलप्रपात

L O CODE : SS-802

प्र.134 भारत की कौन-सी दो नदियाँ है, जो एश्चुरी (ज्वारनदमुख) बनाती है-

(A) गंगा-यमुना नदी (B) झेलम-व्यास नदी

(C) नर्मदा-ताप्ती नदी (D) गोदावरी-कृष्णा नदी

L O CODE : SS-802

प्र.135 हम उत्तरी अमेरिका के अलास्का राज्य के येलोस्टोन नेशनल पार्क में घूम रहे थे, पार्क में जमीन के अन्दर से प्राकृतिक रूप से गर्म जल बहुत तेज गति से फव्वारे की भांति बाहर निकल रहा था, जिसे कहते हैं–

(A) पातालतोड़ कुआँ (B) भूमिगत जल

(C) गीजर (D) जल स्त्रोत

L O CODE : SS-804

प्र.136 मैं भारत के मेघालय राज्य में रहता हूँ, यहाँ सड़क और रेलमार्गो का विकास अन्य राज्यों की तरह नहीं हो पा रहा है, क्योंकि–

(A) अत्यधिक घोलरन्ध्र है (B) पहाड़ी भूमि है

(C) अत्यधिक वर्षा क्षेत्र है (D) सदाबहार वनस्पति क्षेत्र है

L O CODE : SS-804

प्र.137 मेरे पिता हमेशा सफेद व ढीले कपड़े पहनते है और सिर पर भी सफेद रुमाल (काफिया) बाँधते हैं, ताकि कान हमेशा ढँके रहे, माँ भी पूरे शरीर को ढँकी हुआ पोशाक पहनती है, क्योंकि हम जहाँ रहते है, वहाँ सबसे क्रियाशील रहती है–

(A) नदी का प्रवाह (B) समुद्र की लहरें

(C) शुष्क पवनें (D) हिमानी

L O CODE : SS-804


प्र.138 उत्तर अमेरिका के पूर्वी क्षेत्र में कौन–सा महासागर है–

(A) प्रशान्त महासागर (B) अटलांटिक महासागर

(C) हिन्द महासागर (D) भूमध्य सागर

L O CODE : SS-804

प्र.139 जहाँ संसार का सबसे अधिक घना कोहरा छाया रहता है। लेब्रोडोर की ठण्डी एवं गल्फस्ट्रीम की गर्म जलधारा मिलती है। वह क्षेत्र है–





(A) हड़सन की खाड़ी (B) न्यू फाउन्डलैण्ड

(C) फ्लोरिडा (D) कैरेबियन सागर

L O CODE : SS-805


प्र.140 उत्तर अमेरिका के मानचित्र में कौन–सा रेलमार्ग दिखाया गया है–



(A) कैनेडियन पेसिफिक रेलमार्ग
(B) सेन्ट्रल पेसिफिक रेलमार्ग
(C) दक्षिण पेसिफिक रेलमार्ग
(D) यूनियन पेसिफिक रेलमार्ग

L O CODE : SS-806

प्र.141 दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप के मानचित्र में दर्शाई गई नदी कौन–सी है–



(A) लाप्लाटा नदी
(B) पराना नदी
(C) पराग्वे नदी
(D) अमेजन नदी


L O CODE : SS-806

प्र.142 दक्षिणी अमेरिका के पेटागोनिया के पठार में वर्षा बहुत ही कम होती है, इसलिये इसे कहते हैं–

(A) मैदानी क्षेत्र
(B) पठारी क्षेत्र
(C) पहाड़ी क्षेत्र
(D) शुष्क मरूस्थल

L O CODE : SS-804

प्र.143 आस्टेलिया महाद्वीप में चिन्हांकित क्षेत्र में कौन–सा मरुस्थल है?



(A) पश्चिमी आस्ट्रेलिया मरुस्थल
(B) ग्रेट सेंडी मरुस्थल
(C) ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल
(D) दक्षिणी पठारी मरुस्थल

L O CODE : SS-804

प्र.144 आस्ट्रेलिया के दक्षिण में घेरे में दिखाया गया कौन-सा द्वीप है-



(A) मालद्वीप (B) मलेशिया

(C) तस्मानिया (D) सिंगापुर

L O CODE : SS-806

प्र.145 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है।

(1) वस्तुएँ उस समय संसाधन बनती हैं जब उनका कोई मूल्य होता है।

(2) इनका उपयोग अथवा उपयोगिता इसे मूल्य प्रदान करती है।

(3) सभी संसाधन मूल्यवान होते हैं।

(4) मूल्य का अर्थ महत्व होता है।

(A) केवल 1 व 2 (B) केवल 1 व 3

(C) केवल 2 व 3 (D) उपरोक्त सभी

L O CODE : SS-806

प्र.146 मृदा के संदर्भ में दिए गए निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा / कथन सत्य है/हैं?

(1) पृथ्वी के पृष्ठ पर दानेदार कणों के आवरण की पतली परत मृदा कहलाती है।

(2) स्थल रूप मृदा के प्रकार को निर्धारित करते हैं।

(3) मृदा का निर्माण चट्टानों से प्राप्त खनिजों और जैव पदार्थों तथा भूमि पर पाए जाने वाले खनिजों से होता है।

(A) केवल 1 व 2 (B) केवल 1 व 3

(C) केवल 2 व 3 (D) उपरोक्त सभी

L O CODE : SS-802

प्र.147 निम्नलिखित में से कौन-सी विधि तीव्र ढालों पर मृदा अपरदन रोकने के लिए सबसे उपयुक्त है-

(A) रक्षक मेखला (B) मलचिंग

(C) वेदिका फार्म (D) समोच्चरेखीय जुताई

L O CODE : SS-810

प्र.148 खनिजों के संरक्षण के संदर्भ में दिए गये निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं-

(1) खनिज अनवीनकरणीय संसाधन है।

(2) खनिजों के निर्माण और संचयन में कुछ ही वर्ष लगते हैं।

(3) खनन प्रक्रिया पर्यावरण के लिए हानिकारक है।

(A) केवल 1 व 2 (B) केवल 1 व 3

(C) केवल 2 व 3 (D) केवल 1, 2 व 3

L O CODE : SS-805

प्र.149 विश्व का पहला ज्वारीय ऊर्जा संयंत्र कहाँ स्थित है?

(A) फ्रांस
(B) इंग्लैण्ड
(C) अमेरिका
(D) जापान

L O CODE : SS-810

प्र.150 खनिज के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सत्य है-

(A) पृथ्वी पर चट्टानों में कई पदार्थ मिले होते है जो खनिज कहलाते हैं।
(B) ये खनिज पृथ्वी की पर्पटी पर सभी जगह फैले हैं।
(C) खनिज सभी स्थानों पर समान रूप से पाये जाते हैं।
(D) संरचना के आधार पर खनिजों को धात्विक एवं अधात्विक खनिजों में वर्गीकृत किया गया है।

# अभ्यास प्रश्नबैंक
## कक्षा-8, विषय- सामाजिक विज्ञान
## उत्तरमाला (Answer Key)

| Q. No. | Key | Q. No. | Key | Q. No. | Key | Q. No. | Key | Q. No. | Key |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A | 31 | A | 61 | C | 91 | D | 121 | C |
| 2 | A | 32 | A | 62 | C | 92 | C | 122 | C |
| 3 | C | 33 | A | 63 | C | 93 | B | 123 | C |
| 4 | D | 34 | A | 64 | D | 94 | C | 124 | C |
| 5 | D | 35 | C | 65 | A | 95 | B | 125 | C |
| 6 | C | 36 | D | 66 | C | 96 | D | 126 | D |
| 7 | A | 37 | B | 67 | D | 97 | A | 127 | C |
| 8 | D | 38 | C | 68 | D | 98 | B | 128 | C |
| 9 | B | 39 | D | 69 | B | 99 | A | 129 | A |
| 10 | D | 40 | D | 70 | D | 100 | C | 130 | D |
| 11 | B | 41 | C | 71 | D | 101 | C | 131 | C |
| 12 | D | 42 | C | 72 | A | 102 | B | 132 | C |
| 13 | D | 43 | B | 73 | D | 103 | A | 133 | D |
| 14 | C | 44 | A | 74 | D | 104 | B | 134 | C |
| 15 | B | 45 | B | 75 | A | 105 | D | 135 | C |
| 16 | B | 46 | A | 76 | A | 106 | B | 136 | A |
| 17 | A | 47 | A | 77 | D | 107 | C | 137 | C |
| 18 | A | 48 | C | 78 | D | 108 | B | 138 | B |
| 19 | B | 49 | A | 79 | B | 109 | B | 139 | B |
| 20 | C | 50 | C | 80 | D | 110 | A | 140 | A |
| 21 | A | 51 | C | 81 | A | 111 | C | 141 | D |
| 22 | C | 52 | C | 82 | A | 112 | B | 142 | D |
| 23 | B | 53 | B | 83 | C | 113 | D | 143 | A |
| 24 | A | 54 | A | 84 | C | 114 | B | 144 | C |
| 25 | A | 55 | B | 85 | B | 115 | B | 145 | D |
| 26 | B | 56 | B | 86 | B | 116 | A | 146 | D |
| 27 | B | 57 | B | 87 | B | 117 | D | 147 | D |
| 28 | D | 58 | B | 88 | B | 118 | D | 148 | B |
| 29 | D | 59 | B | 89 | C | 119 | C | 149 | A |
| 30 | D | 60 | B | 90 | C | 120 | C | 150 | D |

# L O CODE, CLASS - 8, SUBJECT - SOCIAL SCIENCE

| L O Code | सीखने के प्रतिफल |
|---|---|
| SS-801 | पृथ्वी की मुख्य आंतरिक परतों और चट्टानों के प्रकारों को चित्र में पहचानते हैं। |
| SS-802 | विभिन्न कारकों के द्वारा निर्मित होने वाले भू-रूपों का वर्णन करते हैं। |
| SS-803 | भारत और विश्व के विभिन्न जलवायु क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और उनके जीवन के बीच अंतर्संबंध का पता लगाते हैं। |
| SS-804 | वनस्पति व जीव जन्तुओं की विविधता को निर्धारित करने वाले कारणों और कारको को बताते हैं। जैसे-जलवायु, भू-भाग आदि। |
| SS-805 | कृषि,खनिज व उद्योग किसी क्षेत्र/देश के विकास में किस प्रकार सहयोगी है का विश्लेषण करते हैं। |
| SS-806 | प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल, भूमि, जंगल इत्यादि के विवेकपूर्ण उपयोग और सभी क्षेत्रों में विकास / रखरखाव बनाए रखने का औचित्य बताते हैं। |
| SS-807 | उन कारकों का विश्लेषण करते है जिसके कारण कुछ देश मुख्य फसलों के उत्पादक के रूप में जाने जाते है। जैसे - गेहूँ, चावल, कपास इत्यादि और विश्व मानचित्र पर उन देशों को चिन्हित करते हैं।। |
| SS-808 | आपदाओं एवं दुर्घटनाओं के कारकों पर प्रतिक्रिया देते हैं। |
| SS-809 | आपदाओं जैसे भूकंप से बचाव के लिए की जाने वाली कार्यवाहियों की व्याख्या करते हैं। |
| SS-810 | विश्व मानचित्र पर महत्वपूर्ण खनिजों के वितरण को चिन्हित करते हैं।जैसे - कोयला व खनिज तेल इत्यादि। |
| SS-811 | पर्यावरण के विभिन्न घटकों और उनके मध्य अंतर्संबंधों का वर्णन करते हैं। |
| SS-812 | अपने चारों ओर के प्रदूषण को बढाने वाले कारकों का विश्लेषण करते हैं और इन्हें रोकने वाले उपायों को सूचीबद्ध करते हैं। |
| SS-813 | किसी देश की शांति व विकास में आंतकवाद सबसे बडा खतरा है कि समीक्षा करते हैं। |
| SS-814 | यह स्पष्ट करते है कि ब्रिट्रिश ईस्ट इंडिया कंपनी सशक्त व प्रभावशाली कैसे बनी। |
| SS-815 | देश के विभिन्न भागों में औपनिवेशिक कृषि संबंधी नीतियों जैसे 'नील विद्रोह के अलग - अलग प्रभावों को स्पष्ट करते हैं। |
| SS-816 | 19 वीं सदी में विभिन्न जनजातीय समुदायों का वर्णन और उनके पर्यावरण के साथ संबंधों का वर्णन करते हैं। |
| SS-817 | जनजातीय समुदायों के लिए औपनिवेशिक प्रशासन की नीतियों को स्पष्ट करते हैं। |
| SS-818 | 1857 की क्रांति के उद्भव, प्रकृति और विस्तार एवं इससे क्या सीख प्राप्त हुई, इन्हें स्पष्ट करते हैं। |
| SS-819 | औपनिवेशिक काल के दौरान भारत में पूर्व प्रचलित नगरीय केन्द्रों और हस्तशिल्प उद्योगों की स्थिति में गिरावट और नए नगरीय केन्द्रों व उद्योगों के विकास का विश्लेषण करते हैं। |
| SS-820 | भारत की नवीन शिक्षा नीति के संस्थानीकरण को स्पष्ट करते हैं। |
| SS-821 | जाति, महिला, विधवा पुर्नविवाह, बाल विवाह व सामाजिक सुधार और कानूनों जैसे मुद्दों तथा इससे संबंधित उपनिवेशवादी प्रशासन की नीति और नियमों का विश्लेषण करते हैं। |
| SS-822 | आधुनिक काल में कला के क्षेत्र में हुए विकास को रेखांकित करते हैं। |
| SS-823 | 1870 से स्वतंत्रता प्राप्ति तक भारत के राष्ट्रीय आंदोलनों को रेखांकित करते हैं। |
| SS-824 | राष्ट्रीय आंदोलन में क्रांतिकारियों के योगदान की समीक्षा करते हैं। |
| SS-825 | राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया के अन्तर्गत महत्वपूर्ण घटनाओं का विश्लेषण करते हैं। |
| SS-826 | लोकतंत्र में समानता के महत्व को समझते हैं। |
| SS-827 | राजनीतिक समानता, आर्थिक समानता और सामाजिक समानता के बीच अंतर करते हैं। |
| SS-828 | राष्ट्रीय एकीकरण को सुदृढ़ करने वाले कारकों व अवरोधों को चिन्हित करते हैं। |
| SS-829 | अपने आसपास की मानवीय विविधताओं का वर्णन करते है। |
| SS-830 | विभिन्न रूपों में समानता और असमानता के बीच अंतर करते है एवं स्वस्थ तरीके से उनके प्रति व्यवहार करते है। |
| SS-831 | समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं द्वारा जिन सामाजिक प्रतिकूलता की स्थिति का सामना करना पड़ता है, उसके कारण और प्रभावों का विश्लेषण करते हैं। |
| SS-832 | क्षेत्र के वंचित समूहों के हाशिये पर होने के कारणों और प्रभावों का विश्लेषण करते हैं। |
| SS-833 | कच्चे माल, आकार और स्वामित्व के आधार पर विभिन्न प्रकार के उद्योगों को वर्गीकृत करते हैं। |
| SS-834 | अपने क्षेत्र व राज्य की मुख्य फसलों, खेती के प्रकार और प्रचलित कृषि पद्धति का वर्णन करते हैं। |
| SS-835 | देश की सुरक्षा में रक्षा सेनाओं की भूमिका को समझते हैं। |
| SS-836 | भारत की विदेश नीति के सिद्वान्तों की समीक्षा करते हैं। |
| SS-837 | संयुक्त राष्ट्र में भारत की भूमिका का विश्लेषण करते हैं। |
| SS-838 | भारत व उसके पड़ोसी देशों से संबंधों की समीक्षा करते हैं। |
| SS-839 | समोच्च रेखाओं के माध्यम से विभिन्न स्थल रूपों को दर्शाते हैं। |